हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 2 मई 2024

04 हरदौली जलावर्धन योजना, 10 वर्ष में 25 करोड़...



07 बाचावानी ग्राम में तालाब में 6 माह से हो रहा मिट्टी का...





### संभागीय समीक्षा बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव ने दिए निर्देश

# राज्य स्तरीय जवाब के प्रति सभी विभाग अलर्ट रहें, निर्धारित समय पर जवाब दें

**नर्मदापुरम संभाग में जारी विकास कार्यों के अलावा अन्य संभावनाओं के प्रति सजगता से कार्य करें। यह बात बुधवार को मुख्य सचिव अजीत केसरी ने जिला अधिकारियों को निर्देश देते हुए कही।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



सभी विभाग राज्य स्तर पर जवाब प्रस्तुत करने के प्रति अलर्ट रहें। सचेत रहें, जवाब समय पर दें। संतोषजनक जवाब दें। उक्त निर्देश मध्य प्रदेश शासन के अतिरिक्त मुख्य सचिव अजीत केसरी ने बुधवार को नर्मदापुरम संभाग के विभिन्न विभागों की संभागीय समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में संभाग आयुक्त नर्मदापुरम डॉक्टर पवन कुमार शर्मा, नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीना, हरदा कलेक्टर आदित्य सिंह, बैतूल कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी सहित समस्त जिलों के जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं संभागीय अधिकारी मौजूद थे।

#### सेमरीहरचंद में महाविद्यालय प्रस्तावित

बैठक में बताया गया कि सोहागपुर में पहले से ही एक महाविद्यालय होने के कारण सोहागपुर के स्थान पर सेमरी हरचंद में महाविद्यालय खोलने का प्रस्ताव प्रस्तावित है। सिवनी मालवा के कुसुम महाविद्यालय में एमएससी कोर्स संचालित किया जा रहा है। सिवनी मालवा के डोलरिया कॉलेज में कॉमर्स एवं साइंस फैकल्टी शुरू की जा रही है। आमला महाविद्यालय में भी इस सत्र से साइंस स्नातक एवं स्नातकोत्तर के कोर्स प्रारंभ किए जाएंगे।

#### भीषण गर्मी में हो सकती है पेयजल की समस्या

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने गत बैठक की कार्रवाई विवरण के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की। कलेक्टर सोनिया मीना ने बताया कि नर्मदापुरम जिले में वर्तमान में पेयजल की समस्या कहीं भी नहीं है। पेयजल सप्लाई सुचारू रूप से चालू है। लेकिन आने वाले दिनों में जब भीषण गर्मी पड़ेगी तब इटारसी और सिवनी मालवा के कुछ क्षेत्रों में पेयजल की समस्या हो सकती है। गत वर्ष इन स्थानों पर पेयजल परिवहन भी किया गया था। ग्रीष्म काल में पेयजल की आपूर्ति प्राथमिकता से करने के लिए एवं आम जनों को पेयजल की समस्या ना हो इसलिए विशेष हैंडपंप संधारण अभियान चलाया जा रहा है। विभागीय स्तर पर जिले में हैंडपंप मैकेनिकों द्वारा हैंडपंप संधारण कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक विकासखंड में आउटसोर्स एजेंसी नियुक्त की गई है। एजेंसी की संधारण टीममय वाहन के उपलब्ध है।

#### जिले में 8744 में से 8622 हैंडपंप ही चालू

कलेक्टर ने बताया कि जिले में 8744 हैंडपंप स्थापित है, जिनमें से 8622 हैंड पंप चालू है। जहां हैंडपंप बंद है वहां नल जल योजना या अन्य स्रोत का विकल्प मौजूद है। सभी उपखंडों में शिकायत निवारण प्रकोष्ठ गठित किया गया है। जिसकी सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। वार रूम एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों को भी संतुष्टि पूर्वक निराकरण किया जा रहा है। विभागीय स्टोर में राइजर पाइप एवं सिंगल फेस मोटर पंप की पर्याप्त उपलब्धता है। जिन्हें शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल सुधार में उपयोग किया जा रहा है।

#### पांच उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण अपूर्ण

नर्मदापुरम जिले में 24 उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य पूर्ण किया जाना था। जिसमें से पांच उप स्वास्थ्य केंद्र अपूर्ण है। इनमें पुनः टेंडर की कार्रवाई की जा रही है। कुछ जगह पर जमीन आवंटित न होने से एवं कुछ में अतिक्रमण होने से कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कलेक्टर को निर्देश दिए की सभी उप स्वास्थ्य केंद्र समय पर पूर्ण हो जाए।

#### लाइनमैनों का स्थानांतरण मामला लंबित

लाइनमेनो के स्थानांतरण का अधिकार केंद्रीय कार्यालय भोपाल से स्थानांतरित कर जिले में अधीक्षक यंत्री को सौंपे जाने के संबंध में राज्य स्तर पर मामला लंबित है। बैतूल जिले में विद्युत डिपो स्टोर स्थापित किया जाना वर्तमान में संभव नहीं है क्योंकि इटारसी में पहले से ही विद्युत डिपो स्टोर स्थापित है। बैठक में सिवनी मालवा मे तवा डैम का पानी केसला क्षेत्र के कृषकों को अंतिम छोर तक ना मिलने, सिवनी मालवा के उद्वहन सिंचाई के तहत देहरी एवं झाड़बीडा में कार्य प्रारंभ ना होने के संबंध में भी चर्चा हुई। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने तत्त संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

#### अनहोनी गर्म पानी कुंड के लिए गहरीकरण विकसित करें

बैठक में बताया गया कि पिपरिया के पचमढ़ी में नालंदा टोला में 250 परिवार को माननीय उच्च न्यायालय के निर्देश पर मटकुली में अलग से बसाया गया है। पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पिपरिया के मटकुली के निकट स्थित छोटी अनहोनी गर्म पानी के कुंड के गहरीकरण के संबंध में भी सभी सुविधाएं विकसित किए जाने के संबंध में निर्देश दिये गये।

#### प्रश्नोत्तरी से हल करें फौती नामांतरण

फौती नामांतरण के संबंध में निर्देश देते हुए अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि फौती नामांतरण के तहत बेटियां यदि हक त्याग करती हैं तो नामांतरण शुल्क लिया जाएगा अथवा नहीं इसके संबंध में प्रश्न उत्तरी तैयार की जाए। कृषि पंप पर आंशिक भार वृद्धि पाए जाने पर विद्युत विभाग द्वारा 5 हॉर्स पावर के कृषि पंपों पर 7 से 10 हॉर्स पावर तक की वृद्धि दर्ज किए जाने के संबंध में विद्युत विभाग द्वारा बताया गया कि सिंचाई पंपों के विद्युत भार की जांच मौके पर उपस्थित होकर वोल्टेज एवं करंट मापी यंत्रों से करके ही भार की गणना की जाती है। उपभोक्ता द्वारा भार वृद्धि पर आपत्ति दर्ज करने अथवा विद्युत मीटर बदलकर भार कम किए जाने का आवेदन प्रस्तुत करने पर पुनः उपभोक्ता की उपस्थिति में जांच कर नियम अनुसार शुल्क अधिरोपित किए जाते हैं, और जो वास्तविक भार पाया जाता है उसी के अनुसार भार वृद्धि दर्ज की जाकर बिलिंग की जाती है। नर्मदापुरम जिले वृत अंतर्गत कृषि पंपों की कंपनी के विजिलेंस डिजिटल मोबाइल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन प्रक्रिया है। बताया गया कि यदि भार कम पाया जाता है तो बिलिंग प्रणाली में भार में कमी कर दी जाती है। उपभोक्ता द्वारा नई मीटर लगाए जाने की सूचना देने अथवा मीटर का भार कम करने हेतु समय पर आवेदन एवं शिकायत दर्ज कराए जाने पर मीटर के भार की पुनः जांच कर पाए गए भार अनुसार बिलिंग प्रणाली में संशोधन किया जाता है।

# सीमेंट पोल से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी चालक की मौत, एक गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

विद्युत पोल ले जा रहे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। वहीं एक अन्य गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला विवेचना में ले लिया है। स्टेशन रोड थाना प्रभारी विजय कुमार सनस ने बताया कि सीमेंट पोल से भरा ट्रैक्टर बेकाबू होकर पलट गया। जिसमें तरोंनकला निवासी ट्रेक्टर चालक राजकुमार कुशवाह की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं ट्रैक्टर पर बैठे ग्राम अजनेरी निवासी हल्के कुशवाह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका उपचार जारी है। वहीं ट्रैक्टर जप्त कर थाने में खड़ा कर दिया है।

#### बगैर नंबर का ट्रैक्टर

पुलिस के अनुसार ट्रैक्टर कई वर्षों पुराना तथा ट्रैक्टर के कोई कागज एवं कोई पंजीयन न कोई नंबर प्लेट उसमें लगी हुई है और बीमा भी नहीं है उसके दस्तावेज भी चालक के द्वारा भी प्रस्तुत नहीं किए गए हैं। बता दें कि ट्रैक्टर ट्रॉली सिर्फ कृषि कार्य के लिए पंजीकृत होते हैं लेकिन ऐसे ठेकेदारों के द्वारा कमर्शियल का उपयोग किया जा रहा है सड़कों पर बिजली के खंभे भरकर ओवरलोड कर सरपट दौड़ाया जा रहे हैं। जो यातायात विभाग और बिजली विभाग की लापरवाही उजागर हो रही है। इतना ही नहीं चालक द्वारा यातायात नियमों के खिलाफ वाहन चलाया गया। जिससे अधिकारियों की सहमति भी प्रतीत हो रही है।



#### कार्रवाई की मांग

घटना को लेकर मृतक के परिजनों के अलावा नागरिकों ने उचित जांच कराकर परिवार के लोगों को न्याय दिलाने की मांग की है। वहीं कार्यपाल नियंत्रित दुर्गेश मंडलोई एवं उप महाप्रबंधक पीयूष मंडराहा से चर्चा करनी चाहिए तो दोनों कार्यालय में उपस्थित नहीं मिली तथा फोन पर चर्चा करनी चाहिए तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

#### बगैर अनुमित के लगाए जा रहे पोल

विदित हो कि एक ठेकेदार के द्वारा एक व्यक्ति के निजी प्लाट में खंबे लगाए गए थे। जिसे काफी मशक्कत के बाद हटाया गया इस तरह से बगैर व्यक्ति की अनुमति तथा बगैर शासन प्रशासन की एन ओ सी लिए भी जबरदस्ती खंबे गाड़े जा रहे हैं। इसके बावजूद भी ग्रामीण क्षेत्र में लगातार कुल 9 घंटे बिजली दी जा रही है जिसके कारण लोगों की मूंग भी सूखती नजर दिखाई दे रही है। पुलिस आरक्षक नरेश जाट ने बताया कि तरोनकला में सीमेंट पोल स्टोर से पोल भरकर ट्रेक्टर चालक पिपरिया जा रहा था पुलिया के पास बेकाबू होकर ट्रेक्टर पलट गया जिससे यह घटना घटित हुई है। वहीं जांच अधिकारी आरीफ खान ने बताया कि घटना की जानकारी जुटाई जा रही है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला विवेचना में लिया है।

## पिछले 24 घंटे में तापमान में आंशिक गिरावट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पिछले दो दिनों से नर्मदापुरम के तापमान में आंशिक गिरावट होने से नागरिकों को गर्मी से कुछ राहत मिली है। मौसम विभाग के मुताबिक मंगलवार को नर्मदापुरम में दिन का तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। जो बुधवार को घटकर 39.2 डिसे दर्ज किया गया है। हालांकि मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ में कमी होने के कारण आगामी एक दो दिनों में तापमान में वृद्धि होने के आसार हैं। वहीं प्रदेश के कुछ जिलों में हल्की बारिश भी होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

# द चैम्प्स फन स्कूल में समर कैंप का शुभारंभ

### बच्चों ने दी रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

ईशान परिसर स्थित द चैम्प्स फन स्कूल में समर कैंप का शुभारंभ हुआ। प्रातः 8 बजे बच्चों ने नृत्य के साथ प्रवेश किया। बच्चे रंगीन कपड़ों में बहुत ही प्यारे लग रहे थे। सर्वप्रथम प्रार्थना के बाद फिर डांस क्लास से कैंप की शुरुआत हुई बच्चों को डांस करना बहुत अच्छा लगा जिसने इस कार्यक्रम की शुरुआत को और भी रोचक बना दिया। इसके बाद आयोजित कराटे क्लास में बच्चों को शारीरिक विकास के महत्व का ज्ञान दिया गया। उन्हें नए तकनीकों के साथ कराटे का अभ्यास करने का मौका मिला। बच्चों ने साथ मिलकर लंच किया, जिससे पहले प्रार्थना की गई और भगवान का आभार व्यक्त किया गया। इसके बाद, आर्ट एंड क्राफ्ट क्लास में बच्चों ने डोरेमोन और मिकी माउस जैसे क्राफ्ट का निर्माण किया। अलग-अलग ग्रुपों में बनाए गए चुनिन्दा कार्यक्रमों ने बच्चों को काफी मज़ा आया। अंत में, रोबोटिक्स क्लास में बच्चों को नई तकनीकों का परिचय दिया गया, जो उनकी रूचि को बढ़ाने में मदद करेगा। साथ ही, बच्चों को व्यक्तित्व विकास के महत्व का भी ज्ञान दिया गया। बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न प्रकार के बैच भी प्रदान किए गए। यह कार्यक्रम मोना चटर्जी की अगवाई में प्रारंभ हुआ प्राचार्य डॉ आशीष चटर्जी ने सभी बच्चों का बच्चों का प्रोत्साहन बढ़ाया और बच्चों को नई तकनीकियों कराटे डांस पर्सनालिटी डेवलपमेंट का हमारे जीवन में क्या महत्व है इसकी इसके बारे में भी जानकारी दी। इस कैंप में अनेकों गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जायेगा।



# शा. कर्मचारियों ने किया सामूहिक राष्ट्रगान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मई माह के प्रथम कार्य दिवस की शुरुआत संभागायुक्त कार्यालय एवं कलेक्टर कार्यालय में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम एवं राष्ट्रगान जन-गण-मन के सामूहिक गायन के साथ हुई। इस अवसर पर आयुक्त कार्यालय नर्मदापुरम संभाग तथा कलेक्टर कार्यालय नर्मदापुरम के सभी अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्ति पर सहायक आयुक्त का हुआ सम्मान

### विप्र समाज ने किया विवेक रंजन दुबे का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



कड़ा मानिकपुरी जिझौतिया ब्राह्मण न्यास द्वारा विवेक रंजन दुबे, सहायक आयुक्त सहकारिता मध्य प्रदेश का सेवानिवृत होने पर सामाजिक बंधुओं द्वारा शाल, श्रीफल पुष्प गुच्छ दे कर सम्मान किया गया। श्री दुबे ने नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा एवं भोपाल में पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से सम्पूर्ण सेवा प्रदान की। इनके पिता स्व श्री चिरंजन जी दुबे डिप्टी कलेक्टर रहे। मूलतः सावल खेड़ा के निवासी हैं इस अवसर पर न्यास अध्यक्ष उदित द्विवेदी, एडवोकेट चेतन्य दुबे, राजीव दुबे, राजीव श्रोती, रत्नेश दुबे, मनोज परसाई, आनंद पांडे उपस्थित रहे।

# ट्रक की टक्कर से दूधमुंही बच्ची की मौत

### घटना में मां के दोनो पैर फ्रैक्चर हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में बुधनी भोपाल रोड नर्मदा ब्रिज पर एक ट्रक ने मां और बेटे को कुचल दिया। दुर्घटना में 3 माह के नवजात की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। महिला के दोनों पैर फ्रेक्चर हो गए। हादसा देख लोगों की रुह कांप गई। महिला को उपचार के लिए नर्मदापुरम के नर्मदा अस्पताल लाया गया।

नवजात शिशु के शव को बुधनी पुलिस पंचनामा बनाकर बुधनी ले गई। घायल महिला ज्योति मौर्य पति कुनाल मौर्य (28) निवासी बंगाली कालोनी नर्मदापुरम है। महिला के पिता नर्मदाप्रसाद बुधनी में फायर ब्रिगेड के ड्राइवर है। नर्मदा प्रसाद ने बताया बुधवार दोपहर करीब 2 बजे अपनी बेटी को बुधनी से बंगाली कालोनी नर्मदापुरम छोड़ने आ रहे थे। नर्मदा ब्रिज पर एक ट्रक ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। जिसके बाद मैं और बाइक एक तरफ गिर गए।

बेटी और नाती दोनों सड़क के दूसरी ओर गिरे। जिससे ट्रक का पहिया महिला के दोनों पैर से निकल गया। नवजात बेटे के सिर पर भी चोट लगी। नवजात की उम्र 3 माह है। जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। महिला का नर्मदा अस्पताल में उपचार जारी है। बुधनी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# विद्युत संबंधी शिकायतों का उपाय एप पर समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मक्षेविविकं ने उपाय एप पर विद्युत संबंधी शिकायतों का समाधान किया जा रहा है। कंपनी ने कहा है कि आंधी, तूफान एवं अन्य कारणों से होने वाले विद्युत व्यवधान के निराकरण के लिए उपभोक्ता मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उपाय एप को अपने मोबाइल में डाउनलोड करें और अपनी शिकायत का त्वरित समाधान कराएं। कंपनी ने बताया है कि बिजली उपभोक्ता गूगल प्ले स्टोर से इस एप को निःशुल्क डाउनलोड कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि उपभोक्ता मक्षेविविकं के उपाय एप के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करने के साथ ही शिकायत की स्थिति भी जान सकते हैं। बिजली कंपनी ने कहा है कि उपभोक्ताओं के लिए उपाय एप के माध्यम से रजिस्टर कंम्पलेंट ऑप्शन्स की सहायता से विद्युत व्यवधान या बिल संबंधी शिकायत दर्ज कर शिकायत क्रमांक प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद उपभोक्ता दर्ज शिकायत के निराकरण की स्थिति भी एप के माध्यम से जान सकते हैं। उपभोक्ता अपने वर्तमान बिल को डाउनलोड करने के साथ ही बिल भुगतान भी कर सकते हैं। एप से बिल का भुगतान करने पर उपभोक्ताओं को बिल डेस्क, एचडीएफसी बैंक, पे-यू, गूगल पे, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, भीम यूपीआई, नेट बैंकिंग आदि ऑप्शन्स प्राप्त होते हैं। उपभोक्ता इनमें से किसी भी एक माध्यम का चयन कर अपने विद्युत बिल का भुगतान कर रसीद भी डाउनलोड कर सकते हैं।

### मढ़ई में योगा एवं वेलनेस रिट्रीट 2 मई से, पचमढ़ी में 16 मई से होगा सेशन

# ऑफबीट डेस्टिनेशन मढ़ई में खुद को करें तरोताजा एवं तनावमुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले में सतपुडा के जंगलों में पर्यटन की अपार संभावनाएं है जो कई चीजों के लिए दुनिया में जाना जाता है जिसका विश्व के नक्से में अपनी एक खास पहचान है साथ ही समृद्ध विरासत, संस्कृति, विविध वन्यजीवन एवं एतिहासिक धरोहरों के लिये दुनियाभऱ में प्रसिद्ध मध्यप्रदेश तेजी से वेलनेस एवं स्वास्थ्य पर्यटन के केंद्र के रूप में स्थापित हो रहा है।

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा नर्मदापुरम जिले के मढ़ई में जिसकी दूरी नर्मदापुरम से 55 किलोमीटर एवं भोपाल से 150 किलोमीटर दूर स्थित ऑफबीट डेस्टिनेशन मढ़ई में योगा एवं वेलनेस रिट्रीट कार्यशाला का आयोजन आज 2 मई से किया जा रहा है। सतपुड़ा बायोस्फीयर परियोजना का एक अभिन्न अंग मढ़ई देश के सबसे समृद्ध एवं मनमोहक जंगलों में से एक सतपुड़ा के प्रवेश द्वार पर स्थित है। यहां की समृद्ध वन्य जीवन, घास के विशाल मैदान, सुरम्य प्राकृतिक नजारों के बीच बैकवाटर के दृश्य पर्यटकों को आकर्षित करते है। यहां के विविध परिदृश्य, हरे-भरे जंगल, नदियां और मनोरम वादियां मन, शरीर और आत्मा को जीवंत कर देते हैं। मप्र टूरिज्म बोर्ड की अपर प्रबंध संचालक बिदिशा मुखर्जी ने बताया कि बोर्ड द्वारा साक्षी-द डिवाइन विटनेस संस्था के साथ मढ़ई के सुरम्य प्राकृतिक सौंदर्य के मध्य योग एवं मेडिटेशन रिट्रीट का आयोजन 2 मई से 5 मई तक किया जा रहा है। इस दौरान भक्ति साधना मेडिटेशन, प्राचीन सूर्य क्रिया, बर्ड वॉचिंग, वाइल्डलाइफ सफारी, बोटिंग, पोटरी आर्ट, एवं स्टारगेजिंग जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसके साथ ही 16 मई से 19 मई तक पचमढ़ी में भी योगा एवं मेडिटेशन रिट्रीट होगा, जहां झरने के निकट मेडिटेशन, जटाशंकर मंदिर में भक्ति साधना, सनसेट पॉइंट पर चितशक्ति मेडिटेशन एवं जंगल ट्रेकिंग का आनंद ले सकेंगे।



#### विभिन्न सत्रों में होंगी गतिविधियां

ईशा फाउंडेशन प्रमाणित हठयोग शिक्षक साक्षी प्रगट द्वारा सुबह और शाम के दो सत्रों में प्राचीन सूर्य क्रिया होगी। दोपहर के सत्र में भावनात्मक स्थिरता प्राप्त करने के लिये ईशा क्रिया, मन की शांति के लिए नाड़ी शुद्धि प्राणायाम और अत्यधिक भय एवं अनियमित नींद के पैटर्न के उपचार हेतु नाद योग (ओम जप) गतिविधियां होंगी। नदी किनारे भावपूर्ण गतिविधियों में भक्ति साधना और चित शक्ति ध्यान होगा। साहसिक गतिविधियों में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में जंगल सफारी, नेचरवॉक, स्टारगेजिंग, बर्ड वॉचिंग एवं ऑफबीट डेस्टिनेशन भ्रमण होगा।

हाल यह है कि 2 दिन के अंतराल में चौथे दिन नगर में पेयजल आपूर्ति हो रही है

# हरदौली जलावर्धन योजना, 10 वर्ष में 25 करोड़ रुपए खर्च पर लोगों के कंठ प्यासे

## नगर पालिका ने जिस 57 किमी पाइप लाइन का भुगतान किया वह कहां है?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

नगर के पेयजल समस्या के स्थाई समाधान के लिए बनाई गई हरदौली जल आवर्धन योजना 10 वर्षों में लगभग 25 करोड रुपए खर्च होने के बावजूद बंटाढार योजना बनाकर के रह गई है। आज भी नगर की पेयजल समस्या यथावत है और नगर में 2 दिन के अंतराल में चौथे दिन नगर में पेयजल आपूर्ति हो रही है। हरदौली जल आवर्धन योजना में दो घटक थे पहला हरदौली बाधं और दूसरा पीएचई घटक बांध का कार्य पूर्ण हो गया है और बांध की जल संग्रह क्षमता 4.17 एमसीएम है यह क्षमता इतनी है कि अगर नगर में प्रतिदिन तीन बार पानी वितरण दीया जाय तो भी पूरे वर्ष में 2 एमसीएम पानी भी खर्च नहीं होगा। किंतु पर्याप्त पानी उपलब्धता के बावजूद पीएचई घटक में हुई बंदर बाट के चलते यह योजना अब भी अधर में लटकी हुई है ।





वर्तमान समय में जिस पाइपलाइन का नगर पालिका ने ठेकेदार को भुगतान किया है वह पाइपलाइन कहां है खोजना बड़ी चुनौती है। और ऐसा सिर्फ मुलताई नगर में ही हो सकता है। हमने जब उप यंत्री योगेश अनेराव से पूछा कि वर्तमान ठेकेदार द्वारा कितने किलोमीटर पाइपलाइन बिछाई गई है तो उन्होंने ठेकेदार का काम देख रहे मानव से पूछ कर बताया कि अब तक उन्होंने 32 किलोमीटर पाइपलाइन डाल दिए और पूर्व ठेकेदार लोखंडे 25 किलोमीटर लगभग पाइप लाइन बिछाने का दावा किया था। अगर यह दोनों आंकड़े सही है तो नगर में 57 किलोमीटर पाइपलाइन कहां है इसकी जानकारी नगर पालिका को भी नहीं है। नगर पालिका के कर्मचारी बताते हैं कि वर्तमान ठेकेदार ने मात्र 12 किलोमीटर पाइपलाइन डाली है तो बड़ा प्रश्न यह है कि क्या अब तक पाइपलाइन का बगैर टेस्टिंग बगैर भौतिक सत्यापन के ठेकेदार को भुगतान होता रहा है यह जांच का विषय है। कहीं ऐसा तो नहीं की पुराने ठेकेदार का भुगतान भी वर्तमान ठेकेदार को कर दिया है । कुछ भी संभव है क्योंकि इस योजना की देखरेख करने वाले उपयंत्री बैतूल में रहते हैं और वह ठेकेदार के बताएं अनुसार मुलताई में मेजरमेंट बुक (एमबी) लिखने ही आते हैं तो ऐसे में योजना की गुणवत्ता खोजना और भी जटिल कार्य है।

### इनका कहना

चुनाव के बाद पाइपलाइन के भौतिक सत्यापन एवं जांच के लिए ईई को पत्र लिखेंगे।


आर.के.इवनाती,
मुख्य नगर पालिका अधिकारी मुलताई

### योजना की राशि खत्म होने के बाद भी नहीं मिला लाभ

लगभग 10 करोड़ की लागत का पीएचई घटक दूसरी बार लगभग 4 करोड़ 75 लाख का टेंडर योजना को पूरा करने के लिए हुआ था जिसमें से अब तक इस ठेकेदार को भी लगभग चार करोड रुपए का भुगतान किया जा चुका है। अब राशि खत्म होने को है और नतीजा यह की जो योजना 52 वर्ष की जनसंख्या वृद्धि के आधार पर बनाई गई थी आज वर्तमान जनसंख्या को भी पानी पिलाने के में सक्षम नहीं है। अधिकारियों ने इसे पूरा करने के लिए 2.0 योजना के तहत 7 करोड़ की सप्लीमेंट्री योजना बनाई हैं उनका कहना है कि आगामी योजना के बाद हरदौली योजना का लाभ घर-घर पहुंचेगा।

मरीज से मिलने अस्पताल पहुंचे पूर्व मंत्री सुखदेव

# सड़क किनारे खड़े दो लोगों को बाइक सवार ने मारी टक्कर, एक की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

छिंदवाड़ा रोड पर स्थित ग्राम खैरवानी के पास बीती रात दो लोग ऑटो के पास सड़क किनारे खड़े थे। अचानक से मुलताई से दुनावा जा रहे बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिसके चलते चार लोग घायल हो गए जिसमें से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जैसे ही घटना की जानकारी मिली पूर्व मंत्री एवं विधायक सुखदेव पांसे , प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य संजय यादव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे उस वक्त वहां बीएमओ शुक्ला उपस्थित नहीं थे उन्होंने फोन करके बुलाया मरीजों को प्राथमिक उपचार के उपरांत अपने समकक्ष रेफर करवाया।

प्राप्त जानकारी अनुसार मुलताई निवासी देवराव पुत्र बाबू उम्र 60 वर्ष एवं अनिल पुत्र श्यामलाल हिग्वे उम्र 45 वर्ष अपने साथियों के साथ ऑटो से अखंड रामायण में शामिल होने ग्राम लाखापुर जा रहे थे। तभी वह खैरवानी के पास रुके और सड़क किनारे ऑटो के पास खड़े थे। तभी अचानक बैतूल से वापस लौट रहे नरेश पुत्र हरिराम डोबारे निवासी पांढुर्णा एवं गोविंद पुत्र अशोक डोबारे उम्र 25 वर्ष ने बाइक से उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि चारों गिरकर घायल हो गए। जिनमें देवराव एवं गोविंद को गंभीर चोट आई। चारो को तत्काल ठल्रअक एंबुलेंस 1033 के माध्यम से मुलताई नगर के सरकारी अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बैतूल जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। देवराव को रेफर करने के बाद परिजन नागपुर ले जा रहे थे तभी रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया।

कांग्रेसी पहुंचे तो अधिकारी उठकर चले गए

# वन विद्यालय में चल रही थी बिना अनुमति लिए बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

वन विद्यालय में बुधवार एक बैठक चल रही थी। इसकी जानकारी कांग्रेसियों को मिली तो जिला कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत वागद्रे, कांग्रेस नेता धीरू शर्मा, राजा सोनी, सफराज खान सहित अन्य नेता वन विद्यालय पहुंचे और उन्होंने अधिकारियों से बैठक के संबंध में जानकारी ली। जिला कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत वागद्रे ने बताया कि यह बैठक बिना अनुमति के चल रही थी। जब उन्होंने अधिकारियों को आचार संहिता का हवाला दिया और बताया कि कोई भी बैठक जिला निर्वाचन अधिकारी की अनुमति के बिना नहीं हो सकती है तो अधिकारियों ने भी निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों को फोन किया और जब उन्हें इस बात की जानकारी मिली कि बैठक के लिए अनुमति लेनी थी और नहीं ली।

वैसे ही बैठक में शामिल अधिकारी उठकर चले गए। बताया जा रहा है कि यह बैठक तेंदूपत्ता संग्रहण वर्ष 2024 की रणनीति निर्धारण एवं अन्य लघु वन उपज संग्रहण हेतु परिचर्चा बैठक के रूप में आयोजित की गई थी। कांग्रेस नेताओं के पहुंचने के बाद बैठक खत्म हो गई।



### कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने लगाया आरोप

कांग्रेस जिलाध्यक्ष का आरोप है कि इस तरह बिना अनुमति की बैठक संदेहास्पद होती है इसकी जांच कर कार्यवाही की जानी चाहिए। वागद्रे का यह भी कहना है कि उन्होंने मौके से ही अधिकारियों को फोन लगाए थे लेकिन फोन रिसीव नहीं हुए।

### इनका कहना है

विभागीय बैठक में कोई प्रतिबंध नही है। आचार संहिता में कोई नया काम, नई घोषणा, नए वितरण नहीं हो सकते।

नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी, कलेक्टर बैतूल

मजदूर दिवस पर विशेष : एमपीपीएससी की तैयारी कर रहे अमरदीप की प्रेरक पहल


# मजदूर पिता की स्मृति में 25000 रुपये की सहायता राशि दी दान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जो स्वयं मजदूर के घर पर पल कर बड़ा हुआ हो और जिसने अपने पिता को मजदूरी करते देखा हो, वही मजदूर के दर्द को समझ सकता है। एमपीपीएससी की तैयारी कर रहे अमरदीप के पिता स्व. विजय भालेकर मजदूर थे। उन्होंने बुधवार को मजदूर दिवस के अवसर पर अपने मित्रों के साथ मिलकर अपने पिता की स्मृति में डिजिटल बोर्ड के लिए 25 हजार रुपए की राशि भेंट की। जिले में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की निःशुल्क तैयारी कराने वाली सार्थक पहल बदलाव हमसे है संस्थान को स्व.विजय भालेकर की स्मृति में 25000 रुपये की राशि चेक के माध्यम से प्रदान की। इस अवसर पर अमरदीप भालेकर ने बताया कि मेरे पापा मजदूर थे, और मैंने अपने पिता से ही लोगों की मदद करना सीखा।

उनसे ही सीखा की स्वयं से गलती होने पर क्षमा मांगना और दूसरों से गलती होने पर माफ करना चाहिए, वे हमेशा भलाई के कार्यों में आगे रहते थे। इसी कारण आज उनकी स्मृति में डिजिटल स्मार्ट बोर्ड के लिए सार्थक पहल संस्था को 25 हजार रुपये की सहायता राशि भेंट की, जिससे जरूरतमंद छात्र तक निःशुल्क शिक्षा का प्रसार हो सके। इस सहयोग राशि मे फूलवती धुर्वे, इंदु खरखाटे, योगेश धुर्वे ने 5000-5000 हजार की राशि दी। जिसके लिए श्री भालेकर ने उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर फूलवती धुर्वे ने कहा कि सार्थक पहल के माध्यम से प्रो.एसके सातनकर विगत 4 सालों से एमपीपीएससी व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी कराते है।

हमे जैसे ही जानकारी लगी कि सार्थक पहल के छात्र-छात्राएं डिजिटल बोर्ड के लिए सहयोग राशि स्वेच्छा से जमा कर रहे इसलिए हमने स्व.विजय भालेकर की स्मृति में यह छोटी सी सहायता राशि प्रदान की। इंदु खरखाटे और योगेश धुर्वे ने बताया कि अमरदीप का सपना है कि वह उसके पिता के नाम पर विजय फाउंडेशन की स्थापना कर समाज व लोगों की भलाई कर सके। उस सपने को साकार करने के लिए हमने उनके पिता प्रथम पुण्यतिथि पर यह छोटी पहल की है। इस अवसर पर सार्थक पहल संस्थान की ओर से सरोज सातनकर ने सहयोग राशि हेतु आभार प्रकट किया। इस अवसर पर शशांक मालवीय, प्रिया ओमकार,विजिया धोटे, कविता वाडबुदे, अनिल, ललित तायवाड़े, मोहित खातरकर आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।




कारखाना प्रबंधक, कामगारों को मताधिकार के लिए दें अवकाश

# श्रम पदाधिकारी की श्रमिकों के लिए मतदान दिवस पर सार्वजनिक अवकाश देने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

लोकसभा निर्वाचन के अनुक्रम में 7 मई को बैतूल संसदीय क्षेत्र में मतदान दिवस पर कामगारों के लिए अवकाश स्वीकृत किया गया है। श्रम पदाधिकारी कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार बैतूल संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों में आने वाले कारखानों में कार्यरत श्रमिक को अपने मत का उपयोग करने के लिए कारखाना प्रबंधकों से सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की अपील की गई है।

निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुक्रम में मध्य प्रदेश के सीमावर्ती राज्यों में व्यवसाय, व्यापार, औद्योगिक प्रतिष्ठानों एवं अन्य स्थापनाओं के ऐसे नियोजित कामगार जो उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ राज्य के मतदाता है उन्हें मतदान हेतु नियत मतदान दिवस को सवैतनिक अवकाश प्रदान किया जाए। इस हेतु कारखाना प्रबंधकों से अधीनस्थ कार्यरत मजदूरों एवं कर्मचारियों को मतदान दिवस पर मतदान करने के लिए सार्वजनिक तथा सामान्य अवकाश प्रदान करने की अपील की गई है।

### सवेतनिक अवकाश

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार यह आदेश उन सभी 5 राज्यों के श्रमिकों पर लागू होगा जहां लोकसभा के सदस्यों का निर्वाचन क्षेत्र है। अवकाश मंजूर किए जाने के कारण किसी ऐसे व्यक्ति की मजदूरी से कोई कटौती या उससे कोई कमी नहीं की जाएगी और ऐसे व्यक्ति इस आधार पर नियोजित किया जाता है कि उसे सामान्यतः किसी ऐसे दिन के लिए मजदूरी प्राप्त नहीं होगी तो इस बात के होते हुए भी उसको ऐसे दिन के लिए यह मजदूरी संदत की जाएगी जो उस दिन उसे अवकाश मंजूर न किया जाने की दशा में दी गई हो। यदि कोई नियोजन उसका उल्लंघन करता है तो जुर्माना 500 रूपए तक दंडनीय होगा। बैतूल संसदीय क्षेत्र बैतूल, मुलताई, आमला, घोड़ाडोंगरी, भैंसदेही, हरदा, टिमरनी और हरसूद जिलों में स्थित कारखानों एवं कामगारों पर भी लागू होगा।

स्थानीय भाषा में पीले चावल के साथ होगा मतदान हेतु आमंत्रण पत्रों का वितरण

# मतदान के लिए दिव्यांग एवं वरिष्ठ जनों के लिए होगी परिवहन सुविधाः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

लोकसभा निर्वाचन 2024 के अनुक्रम में मतदान दिवस एवं मतदान पर्व की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी अक्षत जैन ने अधिक से अधिक मतदान के लिए विधानसभा वार तैयारियों की ऑनलाइन समीक्षा की। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सूर्यवंशी ने कहा कि बीएलओ एवं बैग के सदस्य यह सुनिश्चित करें कि मतदाता पर्चियों के साथ स्थानीय भाषा में तैयार आमंत्रण पत्र का वितरण पीले चावल के साथ मतदाताओं को शत प्रतिशत वितरित करेंगे साथ ही मतदाताओं से अनुरोध करेंगे कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 13 परिचय पत्रों में से कोई एक परिचय पत्र लेकर ही मतदान करने जायें। कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को गूगल मीट के माध्यम से स्वीप नोडल अधिकारी अक्षत जैन ने कहा कि बैतूल जिले में 90 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य रखे। मतदान पर्व को मतदान महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। मतदान दलों का ढोल-नगाड़े के साथ स्वागत करें एवं गैर राजनीतिक रैली का आयोजन किया जाएगा। बुधवार को चले बूथ की ओर अभियान के अंतर्गत स्वीप के तहत मतदाता को प्रोत्साहित एवं आकर्षित करने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### प्रवासी मतदाताओं को मतदान हेतु निमंत्रण

संसदीय क्षेत्र के बाहर कार्यरत ऐसे मतदाता जो अपने मतदान क्षेत्र से दूर है को दूरभाष एवं मोबाइल पर 7 मई को मतदान के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इनमें ऐसे मतदाता शामिल है जो काम-धंधे, पढ़ाई, विवाह समारोह आदि के कारण मतदान केन्द्र से दूर है, को मतदान के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इसके साथ ही मतदान के संबंध में स्वच्छता वाहनों के माध्यम से ऑडियो के रूप में मतदान दिवस एवं समय को उद्घोषणा के रूप में प्रसारित किया जाएगा। दीवार लेखन के माध्यम से 7 मई को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान किए जाने का उल्लेख किया जाएगा।

### मूलभूत सुविधाओं का रखें ध्यान

कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने कहा कि रोज बदलते मौसम को देखते हुए गर्मी की स्थिति में मतदान दलों के रहने, भोजन व्यवस्था एवं शौचालय तथा साफ-सफाई की पूरी व्यवस्था करें। भीषण गर्मी की स्थिति में मतदाताओं को पेयजल एवं शरबत आदि की व्यवस्था की जाए। बैग सदस्यों द्वारा यह प्रयास किया जाए कि मतदाता सुबह 7 बजे से 12 बजे के पूर्व अधिक से अधिक मतदान कर सकें। शासकीय कर्मचारी अपने परिवार सहित 100 प्रतिशत मतदान करें। इस आशय का प्रमाण पत्र सीईओ जनपद एवं सीएमओ द्वारा जारी किया जाएगा।

# व्यक्तित्व विकास के लिए समर कैम्प का हुआ शुभारम्भ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

ग्रीष्म ऋतु में बच्चे इनडोर-आउटडोर खेल और रचनात्मक गतिविधियों के अभाव में मोबाइल का बहुत ज्यादा उपयोग करते हैं जो कि उनके शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी घातक होता है। इसे देखते हुए विकास नगर मे नटराज डांस सेंटर संस्था द्वारा में छात्रों के व्यक्तित्व विकास के लिए ग्रीष्मकालीन समर कैम्प का शुभारम्भ बुधवार 1 मई को किया गया। इस समर कैंप के संबंध में सेंटर की संचालिका ख्याति प्राप्त प्रशिक्षक शीतल मेडम ने बताया कि अभिभावक अपने बच्चों को अधिक मात्रा में भेज रहे है। ताकि वह गर्मी की छुटियों मे खेल के साथ-साथ बहुत सी अन्य चीजें सीखे। नटराज डांस सेंटर के मैनेजर दुर्गेश निरापुरे ने बताया कि सेंटर में बच्चों को डांस, पेंटिंग, क्राफ्ट, संगीत, बिहेवियर, नाटक और भी बहुत सारे फन के साथ लर्निंग भी कराई जा रही है। सेंटर की सीनियर मैडम रत्नमाला खातरकर पूरा कार्य बखूबी संचालन कर रही है। समर कैंप के पहले दिन की शुरुआत सीनियर ऑडिटर बंटी वासनिक के हाथो की गई। उन्होंने बच्चों को कुछ नया सीखने की समझाइश दी और शुभकामनाएं भी दी। नटराज डांस सेंटर की सहायक शिक्षका किरण सोलंकी, प्रियंका निरापुरे, नीलम अबुलकर, स्मिता वाईकर, सरिता खातरकर भी बखूबी कार्य करते हुए अपना सहयोग दे रही है।

### गेहूं उपार्जन अवधि में 20 मई 2024 तक की गई वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बैतूल में समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी 20 मई तक की जाएगी। यह अवधि पूर्व में 7 मई तक निर्धारित थी। लोकसभा निर्वाचन की मतदान तिथि में हुए परिवर्तन के दृष्टिगत बैतूल जिले में गेहूं उत्पादक किसानों को समर्थन मूल्य योजना का लाभ उपलब्ध कराने हेतु यह 7 मई से बढ़ाकर 20 मई 2024 तक की गई है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने सभी किसानों को समर्थन मूल्य का लाभ लेने के लिए अपनी उपज गेहूं विक्रय करने हेतु बढ़ाई गई समायावधि 20 मई 2024 तक स्लॉट बुक करवाने की अपील की है।

शासकीय एकलव्य महिला आईटीआई में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

# विधिक साक्षरता हर नागरिक के लिए जरूरी : जस्टिस पांडे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शासकीय एकलव्य महिला आईटीआई बैतूल में मंगलवार को विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। विशेष न्यायाधीश (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति) दिव्यांग जोशी पाण्डे ने छात्राओं को बताया कि हर नागरिक को विधि की समझ होना बहुत जरूरी है। क्योंकि तथ्य की भूल माफ हो सकती है, परंतु विधि की मूल माफ नहीं की जाती।

साइबर क्राइम के अंतर्गत धोखाधड़ी से सतर्क रहने की समझाइश देते हुए उन्होंने बताया कि इंटरनेट के उपयोग में बहुत सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने कानून के दुरुपयोग के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णयों के परिपेक्ष्य में बताया कि दहेज प्रताड़ना एवं अन्य प्रकरणों में कानून के दुरूपयोगों रोका गया है। भारतीय दण्ड संहिता एवं दण्ड प्रक्रिया संहिता के अनुसार ही पुलिस एवं न्यायपालिका कार्य करती है। शिविर में उपस्थित न्यायिक मजिस्ट्रेट रत्नेश पाल ने घरेलू हिंसा अधिनियम की जानकारी देते हुए बताया कि किसी महिला के साथ हो रही हिंसा की शिकायत कोई अन्य व्यक्ति भी कर सकते है। न्यायिक मजिस्ट्रेट नयन जैन ने बताया कि राइट टू एजुकेशन के तहत सभी को 14 वर्ष की आयु तक मुफ्त शिक्षा का अधिकार मिला हुआ है। जिला विधिक सहायता अधिकारी सोमनाथ राय ने जिला विधिक प्राधिकरण एवं उसके अंतर्गत तहसील स्तर पर भी विधिक प्राधिकरण के कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि कोई भी कम आयु वर्ग का व्यक्ति निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते है। विशेष रूप से महिलाओं को निःशुल्क परामर्श की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने लीगल वालंटियर योजना, लोक अदालत आदि के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान करते हुए कानूनी मदद की आवश्यकता होने पर विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दी जा रही निशुल्क सहायता का लाभ उठाने का आग्रह किया।




कार्यक्रम का संचालन संस्था की विनिता पाटील प्रशिक्षण अधिकारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर पैरालीगल वालेंटियर चंद्रप्रभा चौकीकर, संस्था प्राचार्य रेवाशंकर पंडाग्रे, वरिष्ठ प्रशिक्षण अधिकारी दिलीप कुमार सोनी, पुष्पा नागले, विनीता पाटील, विवेक दायमा, राघवेन्द्र सिंह ठाकुर, रामनारायण गंगारे, सचिन सरले, संदीप धुर्वे रितिका ठाकुर सहित सभी स्टाफ जन एवं प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे।

### सरपंच, उप सरपंच सहित ग्रामीणों ने दिया ज्ञापन

# बाचावानी ग्राम में तालाब में 6 माह से हो रहा मिट्टी का अवैध खनन

एक ओर जहां सरकार जलाशयों को सहेजने के लिए अथक प्रयास कर रही है। वहीं ग्राम बाचावानी के तालाब का अस्तित्व खतरे में नजर आ रहा है। दरअसल तालाब के इर्द गिर्द माफियाओं द्वारा धड़ल्ले से अवैध मिट्टी का खनन किया जा रहा है। शासन मौन है।






हरिभूमि न्यूज ⏭ बनखेड़ी

बनखेड़ी के ग्राम बछवानी में मुख्य हाईवे रोड से लगा हुआ तालाब है यह तालाब ग्राम में काफी पुराना तालाब में करीब 6 माह से जेसीबी मशीन लगाकर डंपर और दर्जन और ट्रैक्टर ट्रालियों से जमकर अवैध उत्खनन किया जा रहा है अवैध उत्खनन के विरोध में ग्राम के सरपंच, उप सरपंच, भाजपा नेता सतपाल पलिया सहित ग्रामीणों ने बनखेड़ी तहसील कार्यालय ,बनखेड़ी पुलिस थाना में अवैध खनन के विरोध में उत्खनन को रोके जाने की मांग को लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया, ज्ञापन में नागरिकों ने मांग की है कि शीघ्र ही अवैध उत्खनन बंद किया जाए, खनन करने वाले प्रति डंपर 5000 एवं 1000 प्रति ट्रैक्टर ट्राली की दर से मिट्टी बेचकर मोटी रकम छाप रहे हैं ग्रामीणों ने बताया कि पिछले 6 माह से लगातार कई बार शिकायत कर चुके हैं पर कोई ध्यान नहीं दे रहे, तालाब से हजारों डंपर मिट्टी और हजारों ट्रॉली मिट्टी खोदकर बेची जा चुकी है उत्खनन तालाब मुख्य रोड से ही लगा हुआ है बावजूद इसके ना तो प्रशासन और ना ही कोई सक्षम अधिकारी कोई कार्रवाई कर रहा है बाचावानी ग्राम में ही भाजपा के मंडल अध्यक्ष रमेश पटेल एवं जिला पंचायत सदस्य भागवती पटेल निवास करती हैं बावजूद इसके ग्राम में ही बड़े पैमाने पर अवैध उत्खनन से ग्रामीण परेशान हैं। भाजपा मंडल अध्यक्ष रमेश पटेल ने बताया कि अवैध खनन बंद है मुझे नहीं मालूम किसके द्वारा खनन किया जा रहा था। ज्ञापन देने वालों में भाजपा नेता सतपाल पलिया, रामेश्वर जरारिया,शरद शुक्ला, दिनेश, नरेश, मनीष पचौरी, संतोष पटेल, आशिक अली, दिलीप बलिराम, बसंत एवं अन्य ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा।

# स्वच्छ भारत मिशन की उड़ रही धज्जियां कृषि उपजमंडी में लगा कचरे का अंबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद



जहां शासन द्वारा स्वच्छता को लेकर कई अभियान एवं जन जागृति हेतु अनेक कार्यक्रम किए जा रहे हैं वहीं स्थानीय कृषि उपज मंडी एवं नगर के अनेक स्थानों पर कूड़े कचरे के ढेर दिखाई दे रहे हैं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में मृत मवेशियों को सड़क के किनारे फेंक दिया जाता है जिससे आम जनता एवं सड़क पर चलने वाले आम नागरिकों को प्रदूषण एवं बदबू का सामना करना पड़ रहा है ग्राम वासियो की अपेक्षा है कि नगर की स्वच्छता की ओर स्थानीय प्रशासन ध्यान दे।

### नियमित साफ सफाई जारी है

इस संबंध में सचिव ग्राम पंचायत सेमरी हरचंद नागेंद्र सराठे ने बताया कि ग्राम पंचायत के कर्मचारियों द्वारा नियमित रूप से साफ सफाई की जाती है एवं मृत मवेशियों का संधारण नगर के शांति धाम के पास गड्ढे खुदवा कर किया जाता है। किसी ने अपना पालतू मृत मवेशी सड़क पर फिकवा दिया होगा यदि ग्राम पंचायत के क्षेत्र में कोई मृत मवेशी पड़ा है तो उसे दिखवाता हूं एवं उचित संधारण करवा दिया जाएगा।

## सीएम राइज विद्यालय में समर कैंप का हुआ शुभारंभ



**माखन नगर।** सीएम राइज विद्यालय में 12 दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ बुधवार से योग प्राणायाम कर हुआ। प्रातः 9ः बजे से 11 तक समर कैंप में 50 विद्यार्थियों द्वारा ड्राइंग पेंटिंग शास्त्री नृत्य एवं खेल की योग पर आयोजित गतिविधियों में सहभागिता की इस अवसर पर साला प्राचार्य के के दुबे, वर्षा सोनी, सुनील शर्मा, चंद्रशेखर गाड़े,अमित यादव, उर्सुला बिलाल, मैटर कुमारी नैना शर्मा, नफीस खान, आरती नामदेव, नंदनी यादव, कु खुशी नामदेव, सुजल शर्मा का सहयोग एवं मार्गदर्शन कैंप में शामिल बच्चों को प्राप्त हो रहा है प्राचार्य की के लोगों ने बताया कैंप का उद्देश्य 21वीं सदी के कौशलों का विकास एवं रचनात्मक सृजनशीलता कला कौशल का विकास करना है।

## आज चार घंटे बिजली सप्लाई बंद रहेगी

**माखन नगर।** विद्युत वितरण कंपनी के ए ई गुरुवार 2 मई 11ः से 3ः00 तक 33 kv बाबई फीडर का प्लान मेंटेनेंस शटडाउन रहेगा । जिसमे 33/11 केवी बाबई उपकेंद्र से निर्गमित सभी 11 केवी फीडर की सप्लाई बंद रहेगी ।

# मध्यस्थता कर अधिक से अधिक प्रकरण निराकृत कराएंः न्यायाधीश तबस्सुम खान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा




न्यायालय मे लंबित प्रकरणों मे सहयोग कर अधिक से अधिक प्रकरणो में मध्यस्थता करा कर निराकृत कराएं। उक्त बात अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तबस्सुम खान ने न्यायालय परिसर मे आयोजित मध्यस्थता जागरूकता के लिए आयोजित बैठक मे कही। न्यायाधीश खान ने कहा कि समाज मे बेमनस्यता समाप्त करने के लिए उनके मध्य आपसी भाईचारा जाग्रत करना जरूरी है इसके लिए उन्हे मध्यस्थता कराना आवश्यक है। और यह कार्य न्यायालय के उनके अधिवक्ता अच्छे से कर सकते है। 11 मई को राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और जिला विधिक सेवा के आदेश से नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। जिसमे पक्षकारो के मध्य आपसी राजीनामा करा कर प्रकरणो का निराकरण किया जाता है। इसीलिए यह बैठक आयोजित की गयी है। बैठक मे 4 से 8 मार्च तक नर्मदापुरम में आयोजित 40 घंटा प्रशिक्षण मे उपस्थित अधिवक्ताओं राजेश मिश्रा, ऋषि यादव, आदित्य ठाकुर, राकेश मिश्रा एवं आनंद भार्गव को प्रमाण पत्र का वितरण वरिष्ठ अधिवक्ता एमएस पाटनी ने वितरित किये। बैठक में स्थानीय न्यायालय के न्यायाधीश साहंगी दुग्गल, सरोज डेहरिया अधिवक्ता एन एस यादव, अजीत राजपूत, विकास पाठक, शेखर पुरोहित, रानू भार्गव, शैलेन्द्र सिंहो, नीरज पाल, पुष्कर मिश्रा, सोनू पाठक सहित अन्य अधिवक्ता एवं पक्षकार गण उपस्थित रहे।

# श्रमिक दिवस पर किया गया विधिक सहायता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



विश्व श्रमिक दिवस पर विपणन संघ डबल लॉक कार्यालय में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रबंधक भरत निमोदा ने बताया कि श्रमिक दिवस पर न्यायाधीश अखिलेश चांडक प्रथम श्रेणी पिपरिया के मार्गदर्शन में विश्व मजदूर दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सभी मजदूरों को विधिक से संबंधित जानकारी दी गई। सर्वप्रथम मां सरस्वती का पूजन अर्चन करने के बाद प्रथम श्रेणी न्यायाधीश का स्वागत प्रबंधक भरत निमोदा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी निराली और एवं अन्य लोगों की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन हुआ सभी के द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागतकिया गया न्यायाधीश के द्वारा मजदूरों को कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गई। जिसमें उन्होंने मजदूर वर्ग के लिए निशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने की बात की गई इस दौरान न्यायालय से अजय मिश्रा सभी मजदूर एवं मातृशक्ति हम माल मुकदम तुलावती आदि उपस्थित रहे लगातार दो वर्षों से कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है उसके पूर्व भी तत्कालीन प्रबंधक संजीत बर्मन के द्वारा भी कार्यक्रम का आयोजन किया जाता था। न्यायाधीश ने अपने उद्बोधन में कहां तथा मजदूरों की समस्या को सुनकर उन्हें लाभान्वित करने का भी आश्वासन दिया गया और मजदूर वर्ग को अच्छे से जीवन यापन करने कोई भी कठिनाई जीवन में ना आए इसके लिए कोई भी मजदूरी का हक न छीने कोई भी उनके अधिकार का पालन का हनन न करें इस बात को लेकर उन्होंने कानून की जानकारी दी उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि मजदूरों के साथ न्याय होना चाहिए इसके उसके भरत ने कहा कि मजदूर राष्ट्र का निर्माता होता है। उसके बिना किसी के भवन मकान की नींव डालना मुश्किल है बनाने की कल्पना भी नहीं की जा सकती सभी मजदूरों को बधाई एवं शुभकामनाएं।

# समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी 20 तक होगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

किसान समर्थन मूल्य पर गेहूं का विक्रय 20 मई तक कर सकेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर समर्थन मूल्य की अवधि बढ़ा दी गई है। इसके अनुसार 20 मई तक प्रदेश में किसानों से गेहूं उपार्जन किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि पहले इंदौर, उज्जैन, भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग में 7 मई और जबलपुर, रीवा, शहडोल, सागर, ग्वालियर एवं चंबल संभाग में 15 तक होना थी गेहूं खरीदी।

नयी तिथि की घोषणा खाद्य विभाग ने आदेश जारी करके की है। कृषि उपज मंडी समिति के प्रभारी सचिव केसी बामलिया ने कहा कि आदेश हो गये हैं, शासन के निर्देश पर अब समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद अब 20 मई तक होगी।

# पर्यावरण व गो संरक्षण के लिए पदयात्रा, किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद




नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में हल्दीघाटी से चलकर संपूर्ण भारतवर्ष में बिना किसी आर्थिक सहायता ग्राम वासियों को पर्यावरण एवं गौ संरक्षण के लिए गांव-गांव में पदयात्रा कर पर्यावरण एवं गौ माता के बचाव के लिए प्रवचन के माध्यम से हल्दीघाटी की एक संस्था द्वारा जन जागरण किया जा रहा है संस्था द्वारा विगत 11 वर्षों से अभियान चलाया जा रहा है एवं आगामी 31 वर्षों तक इस अभियान के चलाने की योजना है स्वयं के व्यय पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है संस्था के सदस्य ना तो फोटो खिंचवाना पसंद करते हैं और ना ही किसी प्रकार का प्रचार प्रसार चाहते हैं सेमरी हरचंद एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के ग्रामवासी उक्त संस्था के पर्यावरण एवं गौ संरक्षण के जन जागरण अभियान से काफी प्रभावित नजर आ रहे हैं।

# भाकिसं ने एसडीएम को सौंपा 8 सूत्रीय मांगों के समाधान के लिए ज्ञापन

### सिंचाई के लिए 10 घंटे बिजली उपलब्ध कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा



भारतीय किसान संघ सिवनी मालवा ने किसानों की आठ सूत्रीय मांगों को लेकर एस डी एम संगीता परिहार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से बताया कि सिवनी मालवा की चारों माइनरो मिसरोद मकडई रायगढ भिलडिया को फुल गेज के साथ चलाए जावे एवं छोटी माइनरो को भी फूल गेज के साथ चलाए जावे सभी नहरों में कम गेज के साथ पानी चल रहा है। किसानों को सिंचाई पंप हेतु 10 घंटे बिजली प्रदान किया जाए। चौतलाय फिटर पर घरेलू एवं सिंचाई पंप के लिए बिजली नहीं दी जा रही है शीघ्र सुधार किया जाए। ग्राम बराखड कलां एवं बराखड खुर्द की घरेलू बिजली को भमेडी सब स्टेशन से जोड़ दिया गया है जिसे पुनः सिवनी मालवा सब स्टेशन से जोड़ जाए। हिरनखेडा बिद्युत सबस्टेशन निर्माण कार्य शीघ्र ही शुरू किया जावे किसान ने सब स्टेशन निर्माण हेतु किसान ने अपनी निजी भूमि 1 एकड दान में दी हुए 1 बर्ष बीतने पर है अभी तक कोई रुपरेखा तैयार नहीं की गई है।

लम्बी लाइन होने से आए दिन लाईन फाल्ट होती है बोल्टेज कि भारी समस्या आ रही है जिसका शीघ्र ही कार्य प्रारंभ किया जाए। समर्थन मूल्य पर खरीदे गए चना एवं गेहूं का भुगतान अभी तक किसानों के खातों में नहीं हुआ है शीघ्र ही भुगतान करवाया जाए। वहीं भारतीय किसान संघ ने चेतावनी देते हुए कहा है कि संघ कि मांगों को अगर माना नहीं गया सक्षम अधिकारी का पुतला दहन किया जाएगा जिसकी सारी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से तहसील अध्यक्ष शंकर सिंह पटेल तहसील मंत्री रामेश्वर जाट जिला उपाध्यक्ष संजय लौवंशी तहसील मीडिया प्रभारी नितेश भारद्वाज अलताप लौवंशी संतोष लौवंशी राधा कृष्ण मालवीय अभय गौर राजाराम पटेल दीपक रघुवंशी उमेद सिंह पटेल धीरज यदुवंशी ब्रज किशोर पटेल किसान उपस्थित रहे ।

# मजदूर दिवस पर कृषि उपज मंडी में रैली निकाली, किया श्रमिकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया




प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी 1 मईको विश्व श्रमिक दिवस मनाया जाता है। इसी कार्यक्रम में कृषि उपज मंडी में श्रमिकों के द्वारा श्रमिक दिवस का आयोजन किया गया कृषि उपज मंडी में रैली निकाली गई उसके बाद आमसभा का आयोजन हुआ जिसमें मंडी सचिव राघवेंद्र राठौर के द्वारा सभी श्रमिकों का सम्मान किया गया सभी को बधाइयां दी गई तथा मजदूर संघ के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य रूप से श्रमिक संघ के अध्यक्ष महेश मोर हरि वाथरे उपाध्यक्ष सतीश केवट माधव रघुवंशी राम भरोसे अहिरवार सचिन नर्मदा प्रसाद रजक प्रदीप राय अशोक रघुवंशी सरदार रघुवंशी राकेश केवट देवेंद्र मोर बबलू सहित तमाम हममाल तुलावटी एवं अन्य सभी मजदूर वर्ग के साथ कृषि उपज मंडी में कार्यरत सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। मजदूरों की वर्ष 2024 की मजदूरी बढ़ाने की बात भी उठाई गई तथा मजदूरों को शासन के द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं पर भी चर्चा की गई। कुंतल के हिसाब से राशि बढ़ाने की बात कही गई मजदूरों का सम्मान अधिकारी वर्ग के द्वारा शाल श्रीफल एवं पुष्प हार से किया गया।

याद रहेगी प्रतिवर्ष कृषि उपज मंडी में कार्यक्रम का आयोजन होता है जबकि पिपरिया शहर में मंगलवाड़ा चौराहे पर प्रतिदिन सैकड़ो की तादाद में मजदूर इकट्ठे होते है तथा प्रत्येक दिन काम ढूंढते हैं बेरोजगारी की संख्या भी बढ़ती जा रही है यह बात भी मजदूरों के द्वारा उठाई गई मजदूरी की राशि भी बढ़ाने की बात की गई की सभी जगह मजदूरी की राशि बढ़ाई जाए वर्तमान में जो राशि है महंगाई के दौर में काफी कम है जिससे मजदूर के परिवार का भरण पोषण नहीं होता है इस तरह से रैली निकालकर सरकार के खिलाफ भी बढ़ती महंगाई बेरोजगारी तथा मजदूरों को साथ नारेबाजी की गई। इस तरह से अन्य स्थानों पर भी मजदूर दिवस मनाया गया कृषि उपज मंडी में कार्य अधिक होने के कारण अवकाश के बाद आदेश दिन के बाद में काम लगाया गया क्योंकि महेश मोरने बताया कि एक दिन पूर्व का लगभग 75000 कुंटल अनाज रखा हुआ है किसी की तुलाई सिलाई एवं उठाओ होना है इस कारण से पूर्ण दिन का अवकाश नहीं मनाया गया है मौसम खराब होने के कारण शीघ्र कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

### क्रिकेट में रुचि रखने वाले करीब 150 बच्चों ने दिखाए हुनर

# प्रशिक्षण शिविर में बच्चों को सिखाई क्रिकेट की बारीकियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



बुधवार से शहर में दो मैदान पर क्रिकेट के ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ हुए हैं। पहला शिविर लक्ष्य क्रिकेट अकादमी के बैनर तले गांधी मैदान पर शुरु हुआ। इस अवसर पर नगर पालिका में स्वच्छता समिति के सभापति राकेश जाधव, वरिष्ठ क्रिकेटर सुमेर सिंह चौहान, अमित जायसवाल, नीरज झा, अमिताभ दुबे, राकेश पांडेय, मनीष सेतपलानी, अतुल राठौर, नीलेश चौधरी, चंचल पटेल का सहयोग प्राप्त हुआ। शिविर के उद्घाटन पर सभापति राकेश जाधव ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि एक माह तक चलने वाले शिविर में पूरे मन से शामिल हों और कोच की बतायी तकनीक, बातों को गंभीरता से सुनें और बारीकियों पर ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि मोबाइल पर केवल समय बर्बाद होता है जबकि मैदान पर आप अच्छे खिलाड़ी बनकर देश और समाज का नाम रोशन कर सकते हैं, इसलिए मैदान पर समय दें, मोबाई पर समय बर्बाद न करें। कैंप के पहले दिन लगभग 100 बच्चे मैदान पर पहुंचे थे। कोचिंग कैम्प के प्रशिक्षकों अमिताभ दुबे, सुमेर चौहान, अमित जायसवाल, नीरज झा, अतुल राठौर, मनीष सेतपलानी, नीलेश चौधरी, चंचल पटैल व राकेश पांडेय ने मिलकर आज बच्चों को कैचिंग, फील्डिंग व फिट रहने के मंत्र के साथ रनिंग, एक्सरासाइज कराई।

### रेलवे मैदान पर क्रिकेट कैंप

बुधवार से ही राजेंद्र क्रिकेट क्लब पुरानी इटारसी द्वारा रेलवे इंस्टीट्यूट मैदान 12 बंगाल में ग्रीष्मकालीन क्रिकेट शिविर प्रारंभ हुआ। यहां नगर पालिका इटारसी के अध्यक्ष पंकज चौरे ने आकर बच्चों के बीच अपनी भावनाएं व्यक्ति कीं और बच्चों से यह कहा कि लेदर बॉल से खेलना ही अपने आप में एक बहुत बड़ी कला होती है, जिसे क्रिकेट शिविर के आयोजक पूरा कर रहे हैं। मुझसे जो सुविधा बन पड़ेगी मैं वह संभव प्रयास आप सभी के लिए करूंगा। आज आपको खेलते देखा मुझे बड़ी प्रसन्नता हो रही है। इस अवसर पर गोपाल राजपूत , दीपक श्रीवास, घनश्याम बोसी, विपिन चौधरी, चेतन राजपूत मौजूद रहे।

# सेवा भारती की दो बेटियों को लिया गोद, सौंपा चेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

सेवा भारती संस्था मध्य भारत नर्मदापुरम की संस्था को बुधवार को नगर के एक अग्रवाल परिवार द्वारा दो बेटियों गोद लेकर सेवा भारती संस्था के जिला अध्यक्ष सतीश अग्रवाल सांवरिया को 50000 रुपए का चेक भेंट किया। अग्रवाल परिवार सेवा भारती संस्था में नए सदस्य बने। इन्होंने दो बेटियों की प्रथम वर्ष की किस्त का चेक दिया। ज्ञात रहे कि सेवा भारती मध्य भारत नर्मदापुरम द्वारा संचालित धुरपन गांव में स्थित छात्रावास की बेटियों के रहने भोजन एवं पढ़ई के लिए यह चेक दिया है। यह चेक उन्होंने प्रथम वर्ष की किस्त का दिया है। इस संस्था में एक बेटी को 7 वर्ष के लिए गोद लिया जाता है। बेटियों का छठवीं क्लास से बारहवीं क्लास तक की पढ़ाई का खर्च भी इसमें शामिल रहता है। सेवा भारती संस्था के जिला अध्यक्ष सतीश अग्रवाल ने कहा आज हमें अग्रवाल परिवार ने गुप्त दान देकर दो बेटियों को गोद लेकर 50000 रुपए का चेक दिया। इस सहयोग से हम बेटियों की पढ़ाई एवं रहने खाने की अच्छी से अच्छी व्यवस्था एवं देखभाल कर सकेंगे।

## 11 माह पहले खमलाय में हुई थी डकैती, पुलिस पर कर चुका है हमला

# 50 लाख रुपए की डकैती का मास्टर माइंड पुलिस गिरफ्त में, 30 से ज्यादा प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

खमलाय में पूर्व सरपंच के घर बीते साल हुई 50 लाख की डकैती के मास्टर माइंड को पुलिस ने 11 महीने बाद गिरफ्तार कर लिया है। नर्मदापुरम रेंज आईजी इरशाद वली ने आरोपी पर 30 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। आरोपी ने अपने चार-पांच साथियों के साथ सरपंच के बेटे-बहू को आधे घंटे तक बांधकर लूटपाट की थी। एसपी अभिनव चौकसे ने बुधवार को इसका खुलासा किया। उन्होंने बताया कि हिस्ट्रीशीटर राकेश चोटी पिता जयनारायण विश्नोई (48) निवासी खमलाय पर हरदा, खंडवा समेत राजस्थान के अलग-अलग जिलों में 32 केस दर्ज हैं।

30 हजार के इनामी इस हिस्ट्रीशीटर को 30 अप्रैल की रात बाबर गांव में बीवर की गुफा के पास जंगल से पकड़ा। उसके पास से देशी पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस और 20 ग्राम एमडी पाउडर बरामद मिला है। छीपाबड़ थाना पुलिस ने आरोपी राकेश चोटी पर एनडीपीएस एवं आर्म्स एक्ट के तहत भी मामला दर्ज किया है। एसपी ने बताया कि कोर्ट से आरोपी की रिमांड की मांग की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके पहले 9 जुलाई 2023 को पुलिस ने डकैती के एक आरोपी महाराष्ट्र के भुसावल के कबड़िया नगर निवासी बाबूलाल पिता नागौ राखुणडे को गिरफ्तार किया था। उसके पास से करीब 34 लाख रुपए कीमत के 581 ग्राम सोने के जेवर जब्त किए थे। इस मामले में पुलिस ने पहले ही तीन बदमाशों को पकड़कर जेल भेज दिया था।



### पुलिस पर हमला कर फरार हुआ था

बीते साल 5-6 जून 2023 की दरमियान रात हरदा जिले के छीपाबड़ थाना क्षेत्र के खमलाय गांव के पूर्व सरपंच हीरालाल पटेल के घर चार-पांच नकाबपोश दाखिल हुए। उन्होंने सबसे पहले चौकीदार को बेहोश किया। घर में लगे सीसीटीवी कैमरों का कनेक्शन काटा। सरपंच के बेटे आदित्य पटेल और बहू को बंदूक दिखाकर बंधक बनाया। दोनों के हाथ-पैर बांधे और 50 लाख का सोना और 20 हजार रुपए नकद लेकर फरार हो गए। करीब आधे घंटे तक बेटा-बहू बदमाशों के चंगुल में रहे।

### आदतन अपराधी है

एसपी के अनुसार- डकैती को मुख्य आरोपी राकेश चोटी आदतन अपराधी है। उस पर छीपाबड़ थाने में पूर्व में भी मामले दर्ज हैं। 9 जून को जब छीपाबड़ थाना पुलिस खमलाय गांव में दबिश देने गई तो टीम में शामिल एएसआई कौशल दीक्षित पर हिस्ट्रीशीटर बदमाश राकेश चोटी ने चाकू से हमला कर दिया था। एएसआई ने बचने के लिए अपना हाथ आगे कर दिया, जिससे उनके हाथ में चाकू लगने से चोट आई थी। वहीं, आरोपी पुलिस को चकमा देकर मौके से भाग गया था।

### दोस्ती जेल में हुई

एसपी ने बताया कि मध्यप्रदेश के साथ साथ बिहार, महाराष्ट्र एवं सोनीपत के रहने वाले सभी शातिर अपराधियों की दोस्ती खंडवा जेल में हुई थी, जिन्हें खमलाय राकेश चोटी ने डकैती के लिए रैकी कर बुलाया था।सभी शातिर अपराधी एक साथ मुंबई में रहकर अपराध किया करते थे। अपराधियों ने पुलिस गिरफ्त से बचने के लिए अपने मोबाइल में अनेक सिम का प्रयोग कर गुमराह करने का प्रयास किया गया था।

## यदि हमे शोषित पीड़ित की सेवा करना हो तो हमे उनके पास स्वयं जाना होगा : अनिल वैद्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

कृषि उपज मंडी में तवा हम्माल मजदूर संघ द्वारा मजदूर दिवस के अवसर पर आयोजित श्रमिक सम्मान एवं विधि साक्षरता शिविर के अवसर पर विचार प्रकट किए। कृषि उपज मण्डी मजदूर महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल वैध ने कहा कि न्याय व्यवस्था ऐसी होना चाहिए ताकि गरीब से गरीब व्यक्ति उसे व्यवस्था का लाभ ले सके। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश सचिव गोपेश गर्ग द्वारा श्रमिकों को संबोधित करते हुए कहा कि मानव जीवन की उत्पत्ति से लेकर अब तक जितने भी विकास कार्य हुए हैं। उनमें श्रमिक वर्ग का बहुत बड़ा योगदान है। श्रमिक सहित समाज के गरीब कमजोर वर्ग एवं आशाएं पीड़ित व्यक्तियों को समानता एवं समान अवसर के आधार पर न्याय सुलभ कराने के लिए मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उन्हें निशुल्क विधिक सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने श्रमिकों के लिए बने विभिन्न कानून एवं शासन की विभिन्न योजनाओं के बारे में श्रमिकों को विस्तार रूप से जानकारी प्रदान की तथा आने वाले भविष्य में कोई समस्या यदि श्रमिकों के लिए उत्पन्न होती है तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से समस्या का निराकरण करने का आश्वासन दिया।

अर्पण लोधी द्वारा श्रमिकों को श्रम विधि के अंतर्गत सुरक्षा स्वास्थ्य एवं सामाजिक अधिकार विधि से समक्ष समानता एवं समान संरक्षण का अधिकार एवं कार्य के दौरान दुर्घटना की स्थिति में चिकित्सा सहायता प्राप्त करने का अधिकार यदि दुर्घटना में श्रमिक की मृत्यु की स्थिति में आश्रित परिवार को क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त करने का अधिकार संबंधी विभिन्न अधिकारों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदा के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से संबंधित प्रचार प्रसार सामग्री का वितरण विधिक साक्षरता शिविर में किया गया।। इस अवसर पर इस अवसर पर मंच संचालन कर रहे तवा हम्माल संघ संरक्षक अधिवक्ता शांति कुमार जेसानी ने सभी वरिष्ठ हम्माल तुलावटी का स्वागत पुष्प हार पहना कर लिया और हमेशा संगठित रहकर कार्य करने की सलाह दी साथ ही संगठन द्वारा मजदूर हित में किए गए कार्यों की भी जानकारी दी। अध्यक्ष संतोष कबीर ने भी विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर सभी को मतदान अवश्य करने के लिए मतदान की शपथ जिला न्यायाधीश सचिव गोपेश गर्ग द्वारा दिलाई गई।

# लोकसभा चुनाव को लेकर सेवादल की बैठक में कार्यकर्ताओं से चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा



आगामी 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा रणनीति बनाई जा रही है। पिछले दिनों मध्यप्रदेश कांग्रेस सह प्रभारी संजय दत्त द्वारा संगठन की बैठक ली गई थी और सभी से चर्चा की गई थी। वहीं मंगलवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सीपी मित्तल द्वारा गांधी भवन में कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से वन टू वन चर्चा की गई थी। शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ मुनीश मिश्रा एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजय ओझा ने बताया कि शहर के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ से चर्चा कर शहर में जनसंपर्क का कार्यक्रम तय कर लिया गया है। शीघ्र ही शहर के वार्डो में प्रभावी जनसपंर्क शुरू किया जाएगा।

जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर 1 मई को गाँधी भवन मे जिला कोंग्रस सेवादल की मीटिंग सम्पन हुई जिसमे सेवादल के प्रभारी गोविन्द व्यास, सह प्रभारी मेहमूद पठान, जिलाध्यक्ष अय्यूब लाला यंग ब्रिगेड के शहर अध्यक्ष राम वर्मा, छेगांवमाखन ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र पटेल, सिगोट ब्लॉक अध्यक्ष सेवकराम पटेल, पंधाना ब्लॉक अध्यक्ष शांतिलाल गुप्ता ,हरसूद नगर अध्यक्ष योगेश त्रिवेदी, श्रवण बारे , एकलव्य भाई ,राधेश्याम भाई,वरिष्ठ कांग्रेस नेता देवेंद्र जैन, समीर खान, वामनराव जाधव, लोकेन्द्र गंगराड़े सहित कांग्रेस सेवादल के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अय्यूब लाला ने किया एवं आभार लोकेंद्र गंगराड़े ने माना।

## बिजली कंपनी ने सिंधी बस्ती से कलेक्टर कार्यालय व अस्पताल में कराया मेंटेनेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुरहानपुर

मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बुधवार को सिंधी बस्ती से कलेक्टर कार्यालय तक और जिला अस्पताल परिसर में मेंटेनेंस कार्य कराया गया। इस दौरान जहां जहां भी डीपी पर पेड़ झुक रहे थे उनकी छंटाई गई। बुधवार सुबह से यह मेंटनेंस चालू कर दिया गया था। इसके कारण कुछ जगह बिजली भी बंद रखी गई थी। कर्मचारियों के अनुसार बिजली कंपनी की ओर से मेंटेनेंस कराया जा रहा है। अस्पताल परिसर में पेड़ों की छंटाई का काम किया गया। कुछ पेड़ डीपी के आसपास झुक चुके थे। तारों में आ रहे थे उसकी छंटाई की गई है। वहीं सिंधी बस्ती से कलेक्टर कार्यालय तक भी जहां जहां बिजली लाइन पेड़ की डालियां आ रही थी उसकी भी छंटाई की गई।



### बार-बार बंद होती रही लिफ्ट

जिला अस्पताल परिसर में चल रहे मेंटेनेंस के कारण सुबह 7 बजे से दोपहर तक लिफ्ट बार बार बंद चालू होती रही। एक बार इसमें दो लोग रह गए थे, हालांकि कुछ देर बाद ही बिजली आते ही वह बाहर निकल आए थे।

## मदिरा के अवैध परिवहन में लिप्त 2 वाहन राजसात

**हरदा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आदित्य सिंह ने मंगलवार को जिले में मदिरा के अवैध परिवहन में लिप्त 2 वाहनों को राजसात करने के आदेश जारी किए हैं। जिला आबकारी अधिकारी रितेश कुमार लाल ने बताया कि आबकारी अधिनियम के तहत थाना हंडिया द्वारा जप्त वाहन मारूति सुजुकी कार क्रमांक एमपी 09 सीसी 4237 तथा थाना सिविल लाइन हरदा द्वारा जप्त वाहन मोटर सायकल क्रमांक एमपी 47 एम जे 1278 जप्त की गई थी। इन दोनों वाहनों को राजसात करने के आदेश कलेक्टर श्री सिंह द्वारा दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि इन दोनों राजसात वाहनों की अनुमानित कीमत 3 लाख 35 हजार रूपये है।

## नगर निगम की टीम ने शुरू किया नालों का सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुरहानपुर



नगर निगम की टीम ने दो दिनों से नगर के नालों की सफाई का अभियान चालू किया है। मंगलवार से चालू अभियान के तहत पहले दिन लोहार मंडी में क्षेत्र में जेसीबी से बड़े नालों की सफाई कराई गई थी तो वहीं बुधवार को दिनभर शिकारपुरा, भीमनगर क्षेत्र में अभियान चला।

नगर निगम के प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा ने बताया कल से विशेष सफाई अभियान चालू किया गया है। इसके तहत लोहार मंडी क्षेत्र में बड़े नालों की जेसीबी से सफाई करा दी गई है। पांडारोल नाला सिंधी बस्ती क्षेत्र में है उसकी सफाई भी चल रही है, लेकिन वह ष्शहर का सबसे बड़ा नाला होने से उसमें समय भी लगेगा। इधर शिकारपुरा क्षेत्र में भी भीमनगर और आसपास के बड़े नालों की सफाई कराई जा रही है। अभियान जारी रहेगा।

### साफ सफाई की उठी थी मांग

हाल ही में डायरिया से कई लोगों के पीड़ित होने के मामले सामने आए थे। इसके बाद नगर निगम हरकत में आया और नगर में सफाई अभियान चलाया जा रहा है। हालांकि नपा अफसरों का कहना है कि बारिश से पहले भी हर साल सफाई अभियान चलाया जाता है।

## उपस्थित महिलाओं ने राजस्थानी घूमर नृत्य की दी शानदार प्रस्तुति

# अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस पर डांस प्रतियोगिता के साथ मतदान करने की शपथ ली

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा

अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस के अवसर पर सर्वोदय कॉलोनी में संचालित लेडी बर्ड डास स्टूडियों द्वारा बच्चों की डांस प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें सभी बच्चो के साथ अभिभावक भी उपस्थित रहे।

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि डांस प्रतियोगिता में डांस सीख रहे बच्चो में ए ग्रुप में प्रथम कृपा, द्वितीय बीडु तारे व तृतीय रिंयाशी रही, बी ग्रुप में प्रथम अवनी तांदले, दूसरे नंबर पर शेफाली अग्रवाल व तृतीय



पुरस्कार श्वेता लाड़ को दिया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने राजस्थानी घूमर नृत्य की शानदार प्रस्तुती दी। जिसमें ममता राठौर, भारती नलवडे ,मीना पांचौरे, संगीता सावले, माधुरी, हेमा ठाकुर, प्रतिभा वर्मा रजनी सेल्दे ,नीलम, रीना श्रीवास्तव, रचना गंगराडे, सीमा पालीवाल, रोशनी तिरोले ने भाग लिया। अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में लोकतंत्र के महापर्व पर उपस्थित सभी ने मतदान करने एवं करवाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई।

## मदिरा के अवैध विक्रय एवं संग्रहण के विरुद्ध कार्रवाई की

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिला आबकारी अधिकारी रितेश लाल ने बताया कि बुधवार को आबकारी विभाग के दल ने मदिरा के अवैध विक्रय, संग्रहण व परिवहन की रोकथाम के लिए कार्यवाही की। आबकारी विभाग के दल ने वृत हरदा के टंकी मोहल्ला, पीलियाखाल, दूध डेरी मोहल्ला, सरदार मोहल्ला, वार्ड नम्बर 32 में दबिश देकर कुल 41 लीटर हाथ भट्टी शराब एवं 960 किलोग्राम महुआ लहान जप्त कर 6 प्रकरण दर्ज किए। जप्त किए मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 104200 रूपये है।

## सड़क नहीं बनी तो ग्रामीणों ने दी चुनाव बहिष्कार की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

बुधवार को कुछ गांवों के लोगों ने बीते कई सालों से सड़क का निर्माण नहीं होने से कलेक्ट्रेट पहुंचकर चुनाव के बहिष्कार की चेतावनी दी है। ग्राम डोमनमऊ, गांगला, छिड़गांव, रेलवा, झालवा, एडाबेड़ा के ग्रामीणों का कहना है कि बीते 18 सालों में कई बार सड़क निर्माण को लेकर आंदोलन एवं आवेदन किए गए हैं। लेकिन इसके बाद भी अब तक सड़क का निर्माण शुरू नहीं हो सका है। डोमनमऊ के जयप्रकाश शर्मा ने करीब 60 बार जनसुनवाई एवं 100 से अधिक बार मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 181 पर शिकायत दर्ज की है। लेकिन 28 किलोमीटर सड़क का निर्माण शुरू नहीं हो सका है। उन्होंने बताया कि इस मार्ग से करीब 22 गांव जुड़े हुए हैं। जिससे सभी ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी होती है। ग्रामीणों ने बुधवार को संयुक्त कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर चुनाव बहिष्कार की चेतावनी दी। मसन गांव से हंडिया तक की 23 किमी सड़क की अजीब कहानी है। पिछले 18 साल में इसे बनाने के लिए 32 बार टेंडर किए गए, लेकिन सड़क नहीं बन पाई। 17 बार एक भी निविदा नहीं डली और 4 बार ठेका लेने के बाद ठेकेदार अनुबंध करने नहीं आए। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि एस्टीमेट में जो रेट थे, वह ठेकेदार को पसंद नहीं आए। 8 बार ठेकेदारों ने जो रेट डाले उन पर विभाग नहीं माना, जिसके कारण टेंडर निरस्त होते रहे। 2 बार काम शुरू भी हुआ लेकिन घटिया निर्माण के चलते ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड कर हटा दिया गया।

## बैरागढ़ के दिव्यांग ने किया मतदान

**हरदा।** विगत 6 फरवरी को हरदा जिले के बैरागढ़ में हुई विस्फोट की दुर्घटना से प्रभावित परिवार के सदस्य दिव्यांग संजय सिंह राजपूत ने बुधवार को अपने घर पर मतदान दल की उपस्थिति में मतदान किया। इस अवसर पर उन्होंने वीडियो संदेश के माध्यम से अन्य मतदाताओं से भी मतदान की अपील की। राजपूत ने इस अवसर पर कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने दिव्यांग मतदाताओं और 85 वर्ष से अधिक आयु के वृद्ध मतदाताओं की सुविधा के लिए घर से ही मतदान करने की जो सुविधा दी है वह सराहनीय है।




## रुपारेल नदी को सात बार करना पड़ता है पार, रास्ते के पांच घाटों से चढ़ना उतरना है जोखिम भरा

# विडंबना: मूलभूत सुविधाओं के अभाव में जी रहे छोटी निलीखाली के वाशिंदे

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

आजादी के वर्षों बाद भी मूलभूत सुविधाओं के अभाव में कैसा है छोटी नीलीखाली के वाशिंदों का जीवन.? दक्षिणी सीमा (बुरहानपुर) और पर्वत श्रृंखलाओं से घिरे उक्त वनग्राम में अभी भी वनवासियों को रोटी, कपड़ा और मकान की समस्या से जूझना पद रहा है। वहां ना सड़क है, ना पीने का पानी और ना ही कोई रोजगार ? वहां जाना भी मौत को दावत देने से कम नहीं है। विडंबना है कि वहां एक ही रूपारेल नदी को सात बार और रास्ते के पांच घाटों की सीधी चढ़ाई चढ़ना उतरना पड़ती है। इसलिए आजादी के वर्षों बाद भी वहां विकास की किरणें नहीं पहुंच सकी है। मुखिया अनारसिंह मोरे की इच्छा शक्ति और हौसलों में कोई कमी आई है। उन्होंने जीवन पर रोड़ और घाट सुधार के लिए काम किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी है। वे कहते हैं कि मेरे जीते जी रोड और घाट का काम हो जाय तो मन को अच्छा लगे। उन्होंने बताया कि कभी कभी खबर मिलती है कि रोड मंजूर हो गया, लेकिन फिर मामला कहां अटक जाता है ? यह पता ही नहीं चलता है। यह कहते हुये उनका गला रुंध जाता है और वे कहते हैं कि हमने तो जैसे तैसे जीवन पार कर लिया। लेकिन नई पीढ़ी क्या करेगी? यह चिंता सता रही है।



### रोज रोज जीना मरना सीख गए हैं

मुखिया की पत्नी प्यारीबाई 72 वर्ष के उम्र के पड़ाव को पार कर चुकी है,लेकिन जीवन जीने और नई पीढ़ी को इस जोखिम भरे रास्ते से छुटकारा मिले, यह उनके मन की प्रबल इच्छा है। वह कहती है पुराने जमाने में बैलगाड़ी से ही आना जाना होता था और अब फटफटी आ गई है। नए लड़के उसी से आते जाते हैं और किसी अनहोनी की चिंता लगी रहती है। लेकिन यहाँ के लोग भी रोज रोज जीना मरना सीख गए हैं। वहां के लोगों में नरसिंह पिता अमरसिंह और हरसिंह सुकलाल मोरे ने बताया कि आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। यहाँ कोई काम धंधा नहीं है और बाजार हाट से लेकर अनाज पिसाने भी झिरन्या जाना पड़ता है। यहाँ सिंगल फेस बिजली है, लेकिन इससे चक्की या पानी की मोटर भी नहीं चलती है। यदि डरकर घर में बैठे रहे तो बच्चों को खिलाएंगे क्या.? यहाँ हमारे रिश्तेदार और अन्य मेहमान भी बहुत कम आते हैं और जो एक बार आ गए,वे भी दुबारा आने की सोचते नहीं है।

### कुओं का है मटमैला पानी

इस प्रतिनिधि को महिला चम्पाबाई पति जगन सिर बोझ से पानी लाते हुए दिखाई दी। उसने बताया कि वह काफी दूर से खेत में से पानी ला रही है और कुआ भी ऐसी जगह पर खुदा हुआ है,जहां गिरने का ख़तरा बना रहता है। यहाँ किसानों के खेत में कुछ कुएं है,जिसका मटमैला पानी हमें पीना पड़ता है और गर्मी में तो वह भी सूखने लगता है। जबकि यहाँ कोई सरकारी कुआ या हैंडपंप नहीं होने से हमें हमेशा पानी की परेशानी बनी रहती है।

### इनका कहना है...

पिछले विधानसभा चुनाव के पूर्व राजपुरा से छोटी निलीखाली तक मार्ग निर्माण का प्रस्ताव विचाराधीन है, जिसकी वित्तीय स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई है। लोकसभा चुनाव के बाद पुन: आवश्यक कार्यवाई करेंगे।

अर्जुन वास्कले, उपयंत्री,
लोक निर्माण विभाग भीकनगांव



### नेताओं का विरोध करेंगे

यहां वनवासियों में नरसिंह और हरसिंह ने कहा कि हम एक बार मतदान का बहिष्कार कर चुके हैं, लेकिन इस बार ऐसा नहीं करेंगे। हम अपनी पसंद से वोट जरूर देंगे, परन्तु यहां आने वाले नेताओं का विरोध करेंगे। उन्होंने बताया कि यहां चुनाव के समय बड़े बड़े नेता आते हैं और आश्वासन देकर विश्वास दिलाते हैं। लेकिन चुनाव के बाद हमारी समस्याएं हल करने कोई नहीं आता है और अब फिर हमें मुंह दिखाने कैसे आयेगे.? यह प्रतिनिधि वहां के हालातों से रूबरू हुआ तो अधिकाँश लोग रोजगार के लिए पलायन कर चुके हैं और चारों तरफ सन्नाटा पसरा हुआ था।